>

Title: Need to accord special category status to Bihar.

श्री महाबली सिंह (काराकाट) : बिहार की विषम भौगोलिक, सामाजिक एवं आर्थिक स्थिति को देखते हुए विशेष राज्य का दर्जा दिये जाने की मांग लम्बे समय से उठ रही है। उत्तरी बिहार के करीब 12 जिले हर साल बाढ़ से प्रभावित रहते हैं तो मध्य एवं दक्षिणी बिहार सूखे से प्रभावित रहता है। विशेष भौगोलिक स्थिति के कारण सड़क, बिजली, पानी, शिक्षा, स्वास्थ्य एवं संचार सेवा का पहुंचाना कठिन है।

अतः बिहार के पिछड़ेपन को दूर करने के लिए बिहार राज्य को विशेष राज्य का दर्जा दिया जाये।